30/12/2020

प्रश्न 6 ईश्वर प्राप्ति के लिए बहुत से साधक हठयोग जैसी कठिन साधना भी करते हैं लेकिन उससे भी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती। यह भाव किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है—

उत्तर— उपर्युक्त भाव निम्न पंक्तियों में व्यक्त हुआ है—

आई सीधी राह से गई न सीधी राह।
सुषुम-सेतु पर खड़ी थी बीत गया दिन आह।
जेब टटोली, कौड़ी न पाई।
माझी को दूँ, क्या उतराई?

प्रश्न 7 'ज्ञानी' से कवयित्री का क्या अभिप्राय है—

उत्तर— 'ज्ञानी' का अभिप्राय वे लोग जो सांप्रदायिक (हिन्दू-मुसलमान) विचारों को त्यागकर एक-दूसरे को

समान समझे, क्योंकि दोनों ही एक प्रभु की संतान हैं। साथ ही आत्म-ज्ञान रखे अर्थात अपने आपको पहचाने। आखिर आत्मा भी तो परमात्मा का ही अंश है।

## रचना और अभिव्यक्ति

(8) प्रश्न हमारे संतों भक्तों और महापुरुषों ने बार-बार चेताया है कि मनुष्यों में परस्पर किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता, लेकिन आज भी हमारे समाज में भेदभाव दिखाई देता है।

(क) आपकी दृष्टि में इस कारण देश और समाज को क्या हानि हो रही है?

(ख) आपसी भेदभाव को मिटाने के लिए अपने सुझाव दीजिए।

8 उत्तर (क) हमारी दृष्टि में समाज में भेदभाव के कारण देश और समाज को बहुत हानि हो रही है। उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं—

(1) समाज का बँटवारा हो गया है। जाति-धर्म, भाषा, संप्रदाय आदि के नाम पर भेदभाव किया जाता है।

(2) भेद-भाव के कारण समाज का उच्च-वर्ग निम्न वर्ग को हीन दृष्टि से देखता है।

(3) त्योहारों के अवसर पर अनायास झगड़े होते रहते हैं।

(4) आपसी भेदभाव के कारण लोग एक-दूसरे को संदेह और अविश्वास की दृष्टि से देखते हैं।

(5) हमारी सहिष्णुता समाप्त होती जा रही है। आक्रोश बढ़ता जा रहा है, जिसका परिणाम उग्रवाद और अलगाव वाद के रूप में हमारे सामने आ रहा है।

(ख) आपसी भेदभाव को मिटाने के लिए हमारे सुझाव निम्नलिखित हैं :-

(1) सभी लोगों को चाहे वे किसी भी जाति धर्म के क्यों न हों अपने नाम के साथ जातिसूचक शब्दों को लिखना बंद कर देना चाहिए।

(2) अंतर्जातीय विवाह को बढ़ावा देने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए।

(3) आपसी भेदभाव मिटाने के लिए लोगों को सहनशील बनना होगा सर्व धर्म समभाव की भावना लानी होगी।

(4) नौकरियों तथा सेवाओं में आरक्षण समाप्त कर योग्यता को आधार बनाया जाना चाहिए।

(5) कट्टरता त्यागकर धार्मिक सौहार्द्र का ~~क~~ वातावरण बनाना होगा।

(6) वोट के खातिर धर्म विशेष का तुष्टीकरण बंद करना होगा ताकि अन्य धर्म को मानने वालों को अपनी उपेक्षा न महसूस हो।

~~(7) सभी के~~

P.T.O.

(7) सभी के लिए शिक्षा की एक समान व्यवस्था होनी चाहिए ताकि युवा पीढ़ी के मन में ऊँच-नीच का भेदभाव पैदा न हो।

पाठेतर सक्रियता —

प्रश्न ललद्यद कश्मीरी कवयित्री हैं। कश्मीर पर एक अनुच्छेद लिखिए।

उत्तर — स्वयं लिखें।

कश्मीर के विषय में जानकारी प्राप्त करें